महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

# मेरा युवा भारत के अंतर्गत अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन

## युवा अपनी शक्ति, सामर्थ्य का उपयोग देशहित में करें : प्रो. कुमुद शर्मा

**वर्धा, 20 फरवरी 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि विकसित भारत में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। युवाओं को अपनी शक्ति और सामर्थ्य का इस्तेमाल देश हित में करना चाहिए। राष्ट्रहित, मनुष्यहित के लिए कल्याणकारी कदम उठाने चाहिए, ताकि युवाओं की ऊर्जा से देश-समाज ऊर्जावान बना रहे। यह विचार उन्होंने मेरा युवा भारत, वर्धा, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में व्यक्त किए।




पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305



16 से 20 फरवरी के दौरान आयोजित कार्यक्रम का समापन शुक्रवार, 20 फरवरी को विश्वविद्यालय के माधवराव सप्रे सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी और विनोबा ने त्याग और तपस्या से युवाओं के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया। उनका आदर्श एवं सिद्धांत युवाओं को अपनाना चाहिए। स्वामी विवेकानंद और युवा के संबंध में उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य संवाद के माध्यम से युवाओं को संवाद की संस्कृति अपनानी चाहिए। पूरे देश का युवाओं के सामर्थ्य और शक्ति पर भरोसा है। इसी कारण 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में उनकी बड़ी भूमिका है। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत, वर्धा के उपनिदेशक शिवधन शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम पुणे और वर्धा के बीच एक कड़ी के रूप में आयोजित हुआ। जिसमें पुणे जिले से 38 युवाओं ने वर्धा आकर ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन, पर्यावरण आदि का अध्ययन किया।

समापन कार्यक्रम के बाद शिवधन शर्मा, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे और सतीश इंगोले के द्वारा युवाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। प्रतीक और वैष्णवी ने पांच दिवसीय कार्यक्रम को लेकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा गांधी के फोटो पर सूतमाला अर्पित कर किया गया। कुलपति प्रो. शर्मा का स्वागत शिवधन शर्मा ने सूतमाला व स्मृतिचिन्ह से किया। कार्यक्रम का संचालन श्रावणी ने किया तथा सानिया ने आभार माना। इस अवसर पर प्रो. फरहद मलिक, प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. रेणु सिंह, डॉ. निशीथ राय, डॉ. वीरेंद्र यादव, डॉ. गीता साहु, आनंद भारती सहित मेरा युवा भारत, वर्धा कार्यालय के दयाराम रामटेके, शुभम ताकसांडे, सागर गजभिये, दीक्षांत टेंभरे, नितेश बेसेकर और पुणे जिले से आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल युवा उपस्थित थे।

--------------------------------------------------------------------

**मराठी :**

**मेरा युवा भारत अंतर्गत आंतरजिल्हा युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमाचा समारोप**

**युवकांनी आपली शक्ती आणि सामर्थ्य देशहितासाठी वापरावे : प्रो. कुमुद शर्मा**

**वर्धा, 20 फेब्रुवारी 2026 :** विकसित भारताच्या निर्मितीत युवकांचे महत्त्वपूर्ण योगदान असू शकते. युवकांनी आपली शक्ती आणि सामर्थ्य देशहितासाठी वापरावे. राष्ट्रहित आणि मानवहितासाठी कल्याणकारी पावले उचलावीत, ज्यामुळे युवकांच्या ऊर्जेमुळे देश आणि समाज सशक्त व ऊर्जावान राहील असे प्रतिपादन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा

यांनी केले, त्या मेरा युवा भारत, वर्धा तसेच युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार यांच्या वतीने आयोजित आंतरजिल्हा युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमाच्या समारोप प्रसंगी बोलत होत्या. 16 ते 20 फेब्रुवारी दरम्यान आयोजित कार्यक्रमाचा समारोप शुक्रवार, 20 फेब्रुवारी रोजी विश्वविद्यालयाच्या माधवराव सप्रे सभागृहात संपन्न झाला.




त्या पुढे म्हणाल्या  की महात्मा गांधी आणि विनोबा भावे यांनी त्याग आणि तपस्येद्वारे युवकांसमोर आदर्श ठेवला. त्यांचे आदर्श आणि तत्त्वे युवकांनी आत्मसात करावीत. स्वामी विवेकानंद आणि युवक यांचा संबंध स्पष्ट करताना त्या म्हणाल्या की स्वस्थ संवादाच्या माध्यमातून युवकांनी संवादाची संस्कृती जोपासावी. संपूर्ण देशाला युवकांच्या सामर्थ्य आणि शक्तीवर विश्वास आहे. 2047 पर्यंत विकसित भारताचे ध्येय साध्य करण्यात त्यांची महत्त्वपूर्ण भूमिका राहणार आहे. कार्यक्रमात ‘मेरा युवा भारत’, वर्धा येथील उपनिदेशक शिवधन शर्मा यांनी सांगितले की हा कार्यक्रम पुणे आणि वर्धा यांच्यातील दुवा म्हणून आयोजित करण्यात आला होता. पुणे जिल्ह्यातील 38 युवकांनी वर्धा येथे येऊन ऐतिहासिक वारसा स्थळे, संस्कृती, खानपान, राहणीमान, पर्यावरण आदींचा अभ्यास केला.  समारोपानंतर शिवधन शर्मा, विश्वविद्यालयाचे जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे आणि सतीश इंगोले यांच्या हस्ते युवकांना प्रमाणपत्रांचे वितरण करण्यात आले. प्रतीक आणि वैष्णवी यांनी पाच दिवसीय कार्यक्रमाचे अनुभव कथन केले. कार्यक्रमाची सुरुवात महात्मा गांधी यांच्या प्रतिमेला सूतमाला अर्पण करून करण्यात आली. कुलगुरू प्रो. शर्मा यांचे स्वागत शिवधन शर्मा यांनी सूतमाला आणि स्मृतिचिन्ह देऊन केले. कार्यक्रमाचे संचालन श्रावणी यांनी केले तर सानिया यांनी आभार मानले.

या प्रसंगी प्रो. फरहद मलिक, प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. रेणु सिंह, डॉ. निशीथ राय, डॉ. वीरेंद्र यादव, डॉ. गीता साहू, आनंद भारती तसेच 'मेरा युवा भारत', वर्धा कार्यालयातील दयाराम रामटेके, शुभम ताकसांडे, सागर गजभिये, दीक्षांत टेंभरे, नितेश बेसेकर आणि पुणे जिल्ह्यातील आदान-प्रदान कार्यक्रमात सहभागी युवक उपस्थित होते.

-------------------------------------------------------------------

नमस्कार !

मा. संपादक/संवाददाता महोदय, कृपया संलग्न  समाचार को  प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें।

सादर धन्यवाद।